TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 12 जून

1. **विश्व बाल श्रम निषेध दिवस–** पूरे विश्व में बाल श्रम की क्रूरता को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा वर्ष 2002 में किया गया था। भारत में बालश्रम निषेध व नियमन कानून, 1986 को पारित किया गया है, जिसके अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को नियोजन में नहीं लगाया जा सकता। 15 से 18 वर्ष तक के किशोर को किसी फैक्ट्री में तभी नियुक्त किया जा सकता है जब उसके पास किसी अधिकृत चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इस कानून में 14–18 वर्ष तक के बच्चों के लिये हर दिन साढ़े चार घंटे की कार्यवधि तय की गई है और उनके रात में काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, **हिन्दी की पाठ्यपुस्तक के पाठ 16, 'खेमा'** से जोड़कर करें।

2. **ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण–** 12 जून, 2001 ई. को भारत ने 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। ब्रह्मोस एक कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1998 में भारत और रूस के बीच हुए एक समझौते के अंतर्गत की गई थी। भारत के 'ब्रह्मपुत्र' और रूस के 'मस्कवा' नदियों के संयुक्त नाम पर इस कंपनी का नाम (BrahMos) रखा गया है। इस प्रक्षेपास्त्र में रूसी नोदन प्रणाली (प्रोपल्जन सिस्टम) और भारतीय निर्देशन प्रणाली (गाइडेंस सिस्टम) लगाई गई है। यह जमीन, पनडुब्बी, जहाज, लडाकु विमान से लांच किया जा सकता है। यह ध्वनि के तिगुने रफ़्तार से निशाने की ओर बढ़ता है।

3. **नेकचंन्द सैनी का निधन–** चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन के शिल्पकार पदम श्री नेकचंन्द सैनी का निधन 12 जून, 2015 ई. को हुआ। यह उद्यान कूड़े–कर्कट, जैसे सिरामिक, प्लास्टिक बोतलों, पुरानी चूड़ियों तथा टाइल्स से वर्ष 1958 में बनाया गया है। यह उद्यान 'वेस्ट मैनेजमेंट' का एक अच्छा उदाहरण है। नेकचंद ने रॉक गार्डन का निर्माण एक छोटी सी कुटिया से शुरू किया था। शुरूआत थोड़ी कठिन थी। 1956 में वे साइकिल से शहर के ऐसे जगह जाते जहाँ उन्हें कबाड़, टूटे फूटे टाइलस आदि मिल जाता। दिन में कई–कई घंटे वे सामान ही ढोते रहते थे। लेकिन जुनुन इतना था कि कभी थकान को हावी नहीं होने दिया। 18 साल तक उनके इस काम के बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। पता चलने पर अधिकारियों ने पहले तो इसे तोड़ने का फैसला लिया लेकिन फिर बाद में उनके कार्य को सराहा गया। रॉक गार्डन के निर्माण के लिए वर्ष 1984 में 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
   - **संदर्भः** वर्ग 6, **विज्ञान भाग 1, अध्याय 18 'ठोस कचरा प्रबंधन'** से जोड़कर चर्चा करें।

Wednesday

मधु प्रिया

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून




हर वर्ष 12 जून को बाल मजदूरी के प्रति विरोध एवं जगरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन द्वारा यह दिवस मनाने की घोषणा की गई । हर साल विश्व बालश्रम निषेध दिवस अथवा वर्ल्ड डे अगेंस्ट चाइल्ड लेबर की विषय (थीम) डिसाइड की जाती है।विश्व बालश्रम निषेध दिवस का इतिहास यह बताता है कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने बाल श्रम खत्म करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए वर्ष 2002 में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का शुभारंभ किया था। हर किसी के लिए यह बहुत ज़रूरी है कि बच्चों को बाल मजदूरी करने से रोके और उनसे बाल अवस्था में कार्य कराकर उनके सपने ना छीने। उनके हाथों में मजदूरी करा के छाले नहीं होनी चाहिए बल्कि, कलम और किताब होनी चाहिए। यह हमारे देश का भविष्य हैं और इन्हें बाल श्रम करने से रोकना हम सबका कर्तव्य है।दुनियाभर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसको मनाए जाने का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ने के लिए जागरूक करना है। हर साल इसकी अलग थीम रखी जाती है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2023 की थीम इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की थीम “सभी के लिए सामाजिक न्याय, बाल श्रम का खात्मा!”रखा गया है।

# जन्मदिन विशेष 12 जून

राकेश कुमार




**ई. श्रीधरन** *E. Sreedharan*, जन्म- 12 जून, 1932, पलक्कड़, केरल) भारत के प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर हैं। कोंकण रेलवे और दिल्ली में मेट्रो रेल का श्रेय इन्हीं को जाता है। वे 1995 से 2012 तक दिल्ली मेट्रो के निदेशक रहे। उन्हें "भारत के मेट्रो मैन" के रूप में भी जाना जाता है। भारत सरकार ने उन्हें 2001 में 'पद्म श्री' तथा 2008 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.06.2024

## पाठ्यविवरण

पाठ्यविवरण यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षक और छात्र यह अच्छी तरह समझ लें कि क्या और कितना पढ़ाना/पढ़ना है, उस सामग्री को पढ़ने का उद्देश्य क्या है, कक्षा में विद्यार्थी से क्या अपेक्षाएँ हैं आदि। इससे विद्यार्थी को एक दिशा मिलती है और रास्ता भी दिखाई पड़ता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भारत में सबसे पहले मारुति खरीदने वाला व्यक्ति हरपाल सिंह थे इन्होंने 47,500 रुपए में यह कार 1983 में मारुति 800 को खरीदा था।**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 412

**अंतरिक्ष में 1000 दिन पूरा करने वाले प्रथम व्यक्ति कौन हैं?**

A. सुनीता विलियम्स

B. ओलेग कोनोनेंको

C. वलेरी पॉलाकोव

D. एड ह्वाइट



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: B

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 413

किस दर्पण का उपयोग पेरिस्कोप(परिदर्शी)बनाने में किया जाता हैं?

A. उत्तल दर्पण

B. अवतल दर्पण

C. समतल दर्पण

D.उत्तल और अवतल दोनो



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

# TOB बूझो तो जानें. .



416

हमारे पूरे शरीर में रहता, लाल लाल रंग उसका होता, कभी दान हम उसको करते, दो अक्षर से लिखा है जाता ...... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

राकेश कुमार

# हॉकी

- हॉकी की उत्पत्ति कहाँ हुई ? —एशियाई महाद्वीप में
- बंगाल हॉकी जो कि भारत का पहला हॉकी एसोसिएशन है कब बना ? —1908 में
- भारत ने सर्वप्रथम ओलम्पिक खेल में कब हिस्सा लिया ? —1928 एम्सटर्डम में
- हॉकी की अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है —अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी फेडरेसन (IHF)
- 'दद्दा' के नाम से किसे जाना जाता है ? —मेजर ध्यानचन्द को

## विश्व कप हॉकी : एक दृष्टि में

| क्रमांक | वर्ष | स्थान | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1971 | बार्सिलोना | पाकिस्तान | स्पेन |
| 2. | 1973 | अमस्टर्डम | हॉलैण्ड | भारत |
| 3. | 1975 | कुआलालम्पुर | भारत | पाकिस्तान |
| 4. | 1978 | ब्यूनस आयर्स | पाकिस्तान | हॉलैण्ड |
| 5. | 1982 | मुम्बई | पाकिस्तान | प. जर्मनी |
| 6. | 1986 | लंदन | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैण्ड |
| 7. | 1990 | लाहौर | हॉलैण्ड | पाकिस्तान |
| 8. | 1994 | सिडनी | पाकिस्तान | हॉलैण्ड |
| 9. | 1998 | यूट्रेख्ट | नीदरलैण्ड | स्पेन |
| 10. | 2002 | क्वालालम्पुर | जर्मनी | ऑस्ट्रेलिया |
| 11. | 2006 | मोशेंग्लैड बाख | जर्मनी | ऑस्ट्रेलिया |
| 12. | 2010 | नई दिल्ली | ऑस्ट्रेलिया | जर्मनी |
| 13. | 2014 | द हेग | ऑस्ट्रेलिया | नीदरलैण्ड्स |
| 14. | 2018 | भुवनेश्वर | बेल्जियम | नीदरलैण्ड्स |



## आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना

**आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना द्वारा आयोजित साइबर जागरूकता से संबंधित ऑनलाइन posters/ e-posters प्रतियोगिता में भाग लें**

### प्रतियोगिता के विषय

**साइबर अपराध से बचाव/ साइबर सुरक्षा से संबंधित**

**Posters/e-posters**



सभी प्रतिभागियों का स्पष्ट रूप से नाम, उम्र, पता, स्कूल का नाम, कक्षा एवं मोबाइल नंबर का उल्लेख होना आवश्यक है

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को दो श्रेणियों में बांटा गया है

**श्रेणी- 01**
उम्र 10 वर्ष से 16 वर्ष तक

**श्रेणी- 02**
उम्र 17 वर्ष से 24 वर्ष तक

सभी प्रतिभागी अपना -अपना साइबर सुरक्षा पर पेंटिंग बनाकर आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के

**E-Mail id- Cybercell-bih@nic.in**

पर दिनांक-**30.06.2024** तक भेजेगें।

1. प्रतिभागी केवल बिहार राज्य से होने चाहिए।
2. चयनित प्रतिभागियों की सूचना उनके मोबाइल नंबर/ईमेल पर दी जाएगी।
3. दोनों श्रेणी में अलग-अलग चयनित टॉप-03 प्रतिभागियों को Prize एवं Certificate प्रदान किया जायेगा।


12 जून
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बचपन बचाएं
जीवन सजाएं
विश्व बालश्रम निषेध दिवस
बच्चे देश का भविष्य है, हम सब का दायित्व है कि इन्हें बेहतर आज दे।
ताकि सुनहरे कल का निर्माण हो सके।
आईए हम मिलकर "विश्व बालश्रम निषेध "दिवस को
सार्थक बनाने में सहयोग करें।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

12 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

महान व्यक्ति अपने आप पर कठोर

होता है छोटा व्यक्ति दूसरों पर।



**कन्फ्यूशियस**

राकेश कुमार